साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

ख़बरों का आईना

प्रधान संपादक : अभिषेक चौहान । संपादक : नवीन अग्रवाल

E-mail : bulandgondia@gmail.com | E-paper : bulandgondia.net | Office Contact No.: 7670079009 | RNI NO. MAH-HIN-2020/84319

वर्ष : 5 | अंक : 05 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 12 सितंबर से 18 सितंबर 2024 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5




### विद्युत करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**गोंदिया**-आमगांव थाने के तहत किडंगीपार निवासी जितेंद्र देवराम मुनेश्वर (30) के बड़े पिता टानिकराम बिहारी पर्मा एजेंसी में लाइट बंद करने गए थे. इसी बीच विद्युत करंट लगने वह पानी के गड्ढे में गिर गए जिससे उनकी मौत हो गई. फिर्यादी की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार उईके कर रहे हैं.

# फूलचूर नाले में भर भराकर समाया मकान बेटे की मौत मां लापता पिता मामूली जख्मी मूसलाधार बारिश से बाढ़ की स्थिति निर्माण

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर की सीमा पर स्थित फुलचुर नाले में मंगलवार 10 सितंबर की सुबह 7 से 7.30 बजे के दौरान एक मकान भर भरा कर नाले में गिर गया जिसमें परिवार के जवान बेटे की मौत हो गई वह उसकी मां का पता शाम तक पता नहीं लग पाया तथा पिता मामूली रूप से जख्मी हुए।

गौरतलब है की 9 सितंबर से ही जिले में तेज मूसलाधार बारिश शुरू हुई है जिसमें संपूर्ण जिले में बाढ़ की स्थिति निर्माण हो गई है वह विभिन्न स्थानों पर पानी भर गया है। गोंदिया शहर की सीमा पर स्थित फुलचुर नाले में भी बाढ़ की स्थिति निर्माण हो गई जिसके चलते मंगलवार10 सितंबर की सुबह फूलचुर नाके पर स्थित रामेश्वरम कॉलोनी जिससे लगकर नाला बहता है वहीं किनारे पर स्थित मकान में रहने वाले अनिल अग्रवाल के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल अग्रवाल सुबह 7ः00 बजे के दौरान घर से बाहर थे तथा इसी दौरान उनका घर अचानक भर भराकर फूलचूर नाले में समा गया। जिसमें उनकी पत्नी किरण अग्रवाल उम्र 50 वर्ष लापता हो गई जिसका देर शाम तक पता नहीं चला जिसकी तलाश जिला आपदा प्रबंधन गोंदिया व अग्नि शमन दल द्वारा निरंतर की जारी है वही युवा पुत्र दीपिन अग्रवाल उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई वह सुबह ही उसका शव मकान मलबे से निकला गया। इस हादसे में अनिल अग्रवाल के घर की संपूर्ण जीवन









आवश्यक वस्तुएं पानी में बह गई इस घटना की जानकारी सुबह के समय निकले कुछ लोगों द्वारा वह समीप के बजाज परिवार द्वारा अग्निशमन विभाग को दी। व घटना की जानकारी प्राप्त होते ही शहर पुलिस थाने के निरीक्षक किशोर पर्वते अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तेज बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिक घटनास्थल पर इस हृदय निर्धारक घटना को सुनकर पहुंच रहे थे जिसके चलते नाके पर काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा किंतु पुलिस विभाग वह यातायात शाखा द्वारा यातायात को नियंत्रित किया गया।

### » दर्दनाक हादसे के लिए जिम्मेदार कौन ?

फुलचुर नाके के समीप बहने वाले नाले के किनारे पर अनेकों मकान बने हुए हैं जिसमें व्यावसायिक प्रतिष्ठानो का भी समावेश है। शासन के नियम अनुसार नदी वह नाले से कुछ अंतर की दूरी पर ही निर्माण कार्य किया जा सकता है जिसमें नालों से करीब 50 मीटर 200 फीट की दूरी पर ही निर्माणकार्य किया जाना चाहिए, लेकिन रामेश्वरम कॉलोनी में अनेक मकान नाले से लगकर निर्माण किए गए हैं ,

साथ ही मुख्य मार्ग पर एक होटल भी का भी निर्माण हुआ है जिसकी मंजूरी प्रशासन द्वारा किस प्रकार दी गई इस पर प्रश्न चिन्ह निर्माण होने वाली बात सामने आ रही है नगर परिषद द्वारा निर्माण के नक्शे किस प्रकार मंजूर किए गए आकर्षक भूमि किस प्रकार की गई या बिना



चित्र में दिखाई देते अग्रवाल परिवार केदाएं से अनिल अग्रवाल एवं बांए से मृत दिपिन अग्रवाल एवं बाढ़ में लापता मां केसाथ दूसरा पुत्र



मंजूरी के निर्माण किया गया इसकी संपूर्ण जांच होनी चाहिए। साथ ही इस प्रकार के अवैध रूप से मंजूरी देने के काफी मामले सामने आ सकते हैं जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर जांच कर संबंधित दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## जिला शल्य चिकित्सक डॉ अमरीश मोहबे का डिमोशन गडचिरोली तबादला काफी समय से विवादों में



**बुलंद गोंदिया।**-गोंदिया के शासकीय जिला चिकित्सालय के जिला शल्य चिकित्सक डॉ अमरीश मोहबे गत 6 से 8 महीने से भ्रष्टाचार के आरोपी की सुर्खियों में बने हुए थे। जिन पर बोगस प्रमाण पत्र व अन्य भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग में काफी हड़कंप मच गया था जिनका बुधवार 11 सितंबर को डिमोशन पर गडचिरोली तबादला किया गया। गौरतलब की गोंदिया के जिला शल्य चिकित्सक डॉक्टर अमरीश मोहबे जिन पर डॉक्टर नितेश वाजपेई द्वारा कुछ माह पूर्व भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। जिसमे मृतकों के बोगस प्रमाण पत्र नियम बाह्य हॉस्पिटलों को मंजूरी आदि तथा इसके सबूत स्वास्थ्य विभाग। जिलाधिकारी। मंत्रालय आदि को प्रेषित किए गए थे। जिस पर तीन से चार बार स्वास्थ्य विभाग की जांच समिति द्वारा गोंदिया पहुंचकर डॉक्टर मोहबे की जांच भी की थी तथा वर्तमान में भी उनकी जांच शुरू है। इसी दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा रूटिंग तबादले का नाम देते हुए डॉक्टर अमरीश मोहबे का डिमोशन कर गढ़चिरौली में तबादला किया गया। उल्लेखनीय की डॉक्टर अमरीश महोबे गोंदिया में प्रथम श्रेणी जिला शल्य चिकित्सा के पद पर तैनात थे वहीं गढ़चिरौली में उनका द्वितीय श्रेणी के चिकित्सक पद पर तबादला किया गया है सहायक उपसंचालक स्वास्थ्य विभाग नागपुर डॉ प्रमोद गवई द्वारा 11 सितंबर बुधवार को डॉ. अमरीश मोहबे के जिला चिकित्सा पद से रिलीव का आदेश जारी किया।

## मछली पकड़ने गए व्यक्ति की मौत

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के इटियाडोह बांध गाँठनगांव में मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक व्यक्ति का नाम बोंडगांव सुरबन निवासी हेमराज रामदास सिकरामे (40) बताया गया है. यह घटना 10 सितंबर की दोपहर 12 बजे सामने आई. जानकारी के अनुसार इटियाडोह बांध क्षेत्र में भोई ढीमर और बंगाली समुदाय सहित अन्य समुदाय इटियाडोह बांध और उसके आसपास बड़े पैमाने पर मछली उत्पादन से अपना जीवन यापन करते हैं. मछली पकडने का कार्य पिछले दो दिनों से किया जा रहा है. जिले में दो दिनों से भारी बारिश हो रही है. जिससे जलाशय लबालब भर चुके है. इसी बीच बोंडगांव सुरबन निवासी हेमराज व उसका भाई अजय रामदास सिरकामे (37) ने इटियाडोह बांध के मुख्य नहर में मछली पकडने के लिए जाल डाला था. लेकिन सुबह से बारिश हो रही थी. इसलिए बड़ी संख्या में जमा हुई मछलियों को निकालने के लिए जाल खींच रहा था कि उसका पैर फिसल गया और वह नहर में बह गया. जिससे उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी केशोरी पुलिस को दी गई.

## गणेश चतुर्थी के दिन दुबे परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ 2 व 3 वर्ष के सगे भाइयों की नाले में डूब कर हुआ करूंण अंत





**बुलंद गोंदिया।** संपूर्ण देश में आज विघ्नहर्ता गणेशजी का आगमन हर्षोल्लाह से मनाया जा रहा है, लेकिन गोंदिया जिले के गोरेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोंगेझरा/ हिरडामाली में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा परिवार के दो सगे भाई 2 व 3 वर्ष की नाले में डूब कर करुण दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले पोंगेझरा/ हिरडामाली निवासी पुजारी सुजीत दुबे के दो मासूम बेटे रुद्र दुबे वह शिवम दुबे घर के समीप बहने वाले पुल पर शुक्रवार 6 सितंबर की शाम को खेल रहे थे। संभावना जताई जा रही है कि पानी में खेलने के मोह के चलते बच्चे जो पुल सड़क से नीचे था। उस पर निचे जाने पर उनका संतुलन बिगड़ जाने से पानी में डूब गए। शाम को जब दोनों बच्चे घर में दिखाई नहीं दिए तो उनके आसपासउनकी तलाश की गई किंतु रात भर नहीं दिखाई देने तथा 7 सितंबर शनिवार की सुबह पुल के समीप उनके शव पानी में दिखाई दिए। बच्चों के गुम होने की शिकायत पिता सुजीत दुबे द्वारा गोरेगांव पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी तथा शुक्रवार की सुबह फिर से तलाश कार्य शुरू किया गया था जिससे यह गणेश चतुर्थी के दिन जहां देश विघ्नहर्ता का आगमन हो रहा है वहीं दुबे परिवार वह पोंगेझरा/ हिरडामाली में दर्दनाक घटना से पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।







## पूर्व विधायक गोपाल दास अग्रवाल की 13 सितंबर को घर वापसी

### नाना पटोले पृथ्वीराज चौहान रमेश चेन्नीथला सहित प्रदेश के दिग्गज नेता रहेंगे उपस्थित



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले में कांग्रेस पक्ष का गत अनेक वर्षों तक मुख्य चेहरे के रूप में वह पांच बार के विधायक गोपालदास अग्रवाल 13 सितंबर शुक्रवार को अपनी घर वापसी करेंगे। जिसका मुख्य कार्यक्रम सर्कस मैदान में सुबह 11ः30 बजे आयोजित किया गया है। इस अवसर पर भव्य सत्कार समारोह व कांग्रेस परिवार में वापसी करने व कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस भव्य समारोह में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्नीथला ,पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चौहान, पूर्व मंत्री बालासाहेब थोरात, पूर्व मंत्री शिवाजीराव मोघे, पूर्व मंत्री विश्वजीत कदम, पूर्व मंत्री डॉ. नितिन राऊत, पूर्व मंत्री श्रीमती यशोमति ठाकुर, पूर्व मंत्री सुनील केदार, पुर्व मंत्री विलास मुत्तेमवार, पुर्व मंत्री राजेन्द्र मुलक, पुर्व मंत्री सतीशबाबु चतुर्वेदी, सांसद प्रशांत पडोले, सांसद नामदेव किरसान, श्याम बर्वे, प्रतिभाताई धानोरकर, विधायक सहसराम कोरोटे, अभिजीत वंजारी, आनंद अडबोले, संजय उईके, अनुभा मुंजारे, मधु भगत, विवेक पटेल, पूर्व विधायक हीना कावरे, विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, नाना गावंडे, उमाकांत अग्निहोत्री, शेकाप के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल आदि की उपस्थिति में भव्य पंडाल में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल तमाम कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस में घर वापसी करेंगे. उल्लेखनीय है कि सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिये अनेक अतिथि विशेष विमान से गोंदिया पधार रहे हैं. कार्यकर्ता सम्मेलन में भव्य उपस्थिति की अपील जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक दिलीप बंसोड एवं काँग्रेस की सभी इकाईयों तथा समस्त कांग्रेसजनों ने की है।

## संपादकिय...

# पैरा खिलाड़ी भी महानायक

पेरिस पैरालंपिक खेल महाकुंभ, 2024 भी सम्पन्न हुआ, लेकिन भारत के लिए यादगार बन गया। भारतीय पैरा खिलाडियों ने कीर्तिमानों, उपलब्धियों और पदकों के 'अभूतपूर्व अध्याय' रच दिए। 2020 के टोक्यो पैरालंपिक में भारत ने 5 स्वर्ण पदक समेत कुल 19 पदक हासिल किए थे, लेकिन इस बार 10 अधिक पदक जीते हैं। ये खिलाड़ी सामान्य प्राणी नहीं हैं। वे दिव्यांग हैं, आधे-अधूरे और असहाय हैं, लेकिन उनके भीतर करिश्मों वाला कोई फरिश्ता मौजूद है। विकलांग होने के बावजूद उन्होंने दिव्यता के साथ सफलताएं अर्जित की हैं, नतीजतन भारत पहली बार 20 शीर्ष देशों की जमात में शामिल हुआ है। पेरिस पैरालंपिक में भारत 7 स्वर्ण, 9 रजत, 13 कांस्य पदक, यानी कुल 29 पदक जीत कर 18वें स्थान पर रहा है। चुनौतियां और मुकाबले पैरा खिलाडियों के लिए भी उतने ही कांटेदार थे, जितने सामान्य अंगी, सशक्त, मजबूत ओलंपिक खिलाडियों के लिए थे, लेकिन ओलंपिक में झोली 'स्वर्णहीन' रही, एक रजत और 5 कांस्य, यानी कुल 6 पदक ही हम जीत सके और 71वें स्थान पर रहे। हमने उस प्रदर्शन का भी अभिनंदन किया और देश भर में खिलाडियों के सम्मान किए गए। करोड़ों के इनाम घोषित किए गए। भारत ने अपने खिलाडियों को सिर-आंखों पर बिठाना सीख लिया है। हालांकि सफलता, उपलब्धियों और राष्ट्रीय सम्मान की आपसी तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन पैरालंपिक में निशानेबाज अवनी लेखरा और भाला फेंक में सुमित अंतिल की दोहरी स्वर्णिम उपलब्धि को नजरअंदाज कैसे किया जा सकता है? दोनों टोक्यो पैरालंपिक के चैम्पियन थे और इस बार भी चैम्पियन बने हैं। सुमित ने 70.59 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड भी कायम किया है। वह नीरज चोपड़ा का ही संस्करण लगता है। इसी श्रेणी में तीरंदाजी में हरविन्दर सिंह, बैडमिंटन में नितेश कुमार, ऊंची कूद में प्रवीण कुमार, क्लब थ्रो में धर्मबीर और छोटे कद वाले, भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह ने स्वर्णिम सफलताएं हासिल कर सोचने को बाध्य कर दिया है कि ये दिव्यांग खिलाड़ी देश के 'महानायक' क्यों नहीं हैं? वे भी 'तिरंगाधारक' और 'जन गन मन..' की वैश्विक गूंज हैं। वे ओलंपिक पदकवीरों की तरह लोकप्रिय और राष्ट्रीय सम्मान के पात्र क्यों नहीं हैं? उनकी सार्वजनिक पहचान ऐसी क्यों नहीं है कि उन्हें भी 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे लोकप्रिय मंचों पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए? कमोबेश देश देखे कि किन योद्धाओं ने विकलांगता से लड़ कर अंतरराष्ट्रीय गौरव हासिल किया है और भारत के मस्तक पर तिलक किया है! भारत दिव्यांग-मैत्री वाला देश नहीं है। यहां के सार्वजनिक जीवन में दिव्यांगों की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचा बहुत कम है। 'दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार वाला कानून' 2016 में पारित किया जा चुका है। उसमें विशेष प्रावधान था कि पांच वर्षों में सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांग-मित्र बनाया जाए, लेकिन इसका क्रियान्वयन संतुष्टि से कोसों दूर है।

## जहरीले सर्प ने मां बेटी को किया दंश उपचार के दौरान मौत



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले के देवरी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम येलमागोडी निवासी कमलाबाई सुखीराम उसेंडी 30 वर्ष वह उसकी बेटी मंजू सुखीराम उसेंडी उम्र 6 वर्ष को जहरीले सर्प ने दंश कर लिया जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी तहसील के ग्राम येलमागोडी निवासी मां कमलाबाई सुखीराम उसेंडी दी वह बेटी मंजू सुखीरामउसेंडी यह रविवार 8 सितंबर की रात अपने घर में सोए हुए थे। इसी दौरान रात 2:00 बजे के करीब एक जहरीले सर्प ने उन्हें काट लिया जिससे उनकी स्थिति खराब होने लगी व परिवार के लोगों ने उपचार के लिए चिचगढ़ के ग्रामीण चिकित्सालय में ले जाया गया जहां स्थिति बिगड़ने पर उपचार के लिए गोंदिया के शासकीय मेडिकल कॉलेज में भेजा गया जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। उपरोक्त मामले में चिचगढ़ पुलिस द्वारा आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की।

## बारिश में सर्प दंश की घटनाओं में बढ़ोतरी

गोंदिया जिले में मुख्य रूप से जहरीले सांप की तीन से चार से पांच प्रजातियां ही पाई जाती है जिसमें मुख्य रूप से इंडियन कोबरा वह दांडेकरअत्यधिक जहरीले हैं जिनके जिनके द्वारा दंश किए जाने पर समय पर उपचार मिलना अति आवश्यक है नहीं तो पीड़ित की मौत हो जाती है तथा बारिश के दौरान सर्प ने दंश की घटनाओं में भी काफी बढ़ोतरी हो जाती है।

## वैनगंगा नदी उफान पर धापेवाड़ा मार्ग की पुलिया से 9 फीट ऊपर बह रहा पानी मुख्यालय से टूटा संपर्क 2 को किया रेस्क्यू



**बुलंद गोंदिया। (संवाददाता धापेवाड़ा)**- जिले में गत दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आ चुके हैं। जिसमें जिले की वैनगंगा नदी भी उफान पर है गोंदिया तहसील के धापेवाड़ा के पुल पर 9 फीट ऊपर से पानी बह रहा है जिससे धापेवाड़ा गोंदिया मार्ग बंद हो गया वह मुख्यालय से संपर्क टूट गया। इस दौरान बाढ़ में फंसे दो नागरिकों को रेस्क्यू कर सकुशल निकल गया। गौरतलब है की मूसलाधार बारिश के चलते 24 घंटे में गोंदिया जिले में बारिश का एक तांडव देखने को मिल रहा है धुआंधार बारिश से जिले के नदियों नाले ऊफान पर आ गए जिससे अनेक स्थानों पर बाढ़ की स्थिति निर्माण हो गई है वह अनेक ग्रामीण क्षेत्र का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम धापेवाड़ा से होकर बहने वाली वैनगंगा नदी भी उफान पर है जिसके चलतेधापेवाड़ा महाल गांव ,मुर्दाडा के मार्ग की पुलिया पर से 9 फीट ऊपर से पानी बह रहा है जिससे मुख्यालय का संपर्क टूट गया तथा आवागमन ठप होने के साथ ही ग्राम में पानी भरने के साथ ही कृषि खेत भी जलमग्न हो गए हैं। साथ ही पुजारीटोला वह अन्य प्रकल्पों का पानी छोड़े जाने से भी स्थिति गंभीर निर्माण हो रही है तथा सामान्य जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पुलिस विभाग पुलिसकर्मी लग रहे बाढ़ की स्थिति निर्माण होने पर अनेक क्षेत्रों में प्रशासन के साथ-साथ पुलिस विभाग के कर्मचारी भी अगस्त लग रहे हैं तथा नागरिकों को सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं।

फार्म हाउस से दो लोगों का किया रेस्क्यू वैन गंगा नदी के किनारे लोधीटोला स्थित फार्म हाउस में ग्राम निवासी मधुकर बुधराम लिल्हारे वह उसकी पत्नी कलनबाई लिल्हारे नाइट ड्यूटी कर रहे थे रात में बाढ़ का पानी भर जाने से वे उसमे फ़स गए उसकी जानकारी जिला आपदा प्रबंधन विभाग को दी गई तथा आपदा प्रबंधन की रेस्क्यू टीम व सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा ठकरेले, लोधीटोला की सरपंच दीपलता ठकरेले , पटवारी मिलिंद गेडाम व ग्राम पंचायत सदस्यों के सहयोग से उन्हें कुशल बाहर निकाला गया।

## अतिवृष्टि से 1209 घर-तबेले जमींदोज



**गोंदिया**-जिले में दो दिन हुई। भारी बारिश से बाढ़ की परिस्थिति पैदा ही गई. वहीं जिले के सभी आठ तहसीलों में अतिवृष्टि दर्ज की गई. बारिश के कारण 1209 मकान और तबेले जमींदोज हो गए. बारिश के कारण बाढ़ के हालात बने हुए है. जिला आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से नदी किनारे बसे गांवों को अलर्ट कर दिया है. गोंदिया जिले में सोमवार की रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने जिले में कहर बरपाया. बारिश ने पिछले तीन माह के सारे रिकार्ड तोड़ दिए, जिले के सभी तहसीलों में भारी बारिश दर्ज की गई. जिसके कारण अनेक स्थानों पर नदी व नाले उफान पर आने के कारण अनेक मार्ग यातायात के लिए बंद हो गए. जिले के सभी आठ तहसीलों में 928 घर ढह गए और 281 तबेले जमींदोज हो गए हैं. इनमें गोंदिया तहसील में 565 घर व 144 तबेले, आमगांव तहसील में 13 घर और 5 तबेले, अर्जुनी मोरगांव तहसील में 54 घर और 3 तबेले, देवरी तहसील में 17 घर और 6 तबेले, गोरेगांव तहसील में 25 घर और 20 तबेले, सालेकसा में 218 घर और 90 तबेले, तिरोड़ा तहसील में 14 घर और 3 तबेले, सड़क अर्जुनी तहसील में 22 घर पानी के नीचे जिले में लगातार दो दिन हुई भारी वारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से हजारों हेक्टेयर धान की फसल पानी में डूब गई है. जिससे किसानों के सामने समस्या खड़ी हो गई है. किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है. प्रशासन की ओर से तत्काल पंचनामा कर नुकसान भरपाई देने की मांग किसानों ने की हैं. और 10 तबेले जमींदोज हो गए है. वहीं गोंदिया का एक व्यक्ति इससे घायल हो गया है. बारिश रुकने के साथ ही नुकसान का आकलन करने का काम तेज हो गया है. प्रशासन ने बारिश के कारण नुकसान का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना जताई है.

## गोदाम से नकद चुराने वाला गिरफ्तार

**गोंदिया**-गोदाम के काउंटर से 15 हजार रु. की नकदी चुराने वाले चोर को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ढूंढकर गिरफ्तार किया है. उसके पास से 15 हजार रु. पुलिस ने बरामद किए हैं. शहर के शास्त्री वार्ड फुलचुर रोड़ निवासी संजय प्रकाश रामानी (53) की हल्दीराम प्रोडक्ट्स की एजेंसी है और निर्मल टॉकीज के पास इंडियन ट्रेडर्स के नाम से गोदाम है. जहां से अज्ञात चोर ने 15 हजार रु. नकदी चुरा लिया. संजय की शिकायत पर शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया था. पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा की टीम मामले की जांच कर रही थी. इसी बीच गुप्त जानकारी के आधार पर राममंदिर चौक, खमारी निवासी आरोपी दुर्गेश राजकुमार कापसे (28) को हिरासत में लिया गया. उसकी गहनता से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल किया. उसके पास से 15 हजार रु. नकद बरामद किए गए. जांच हवलदार कवलपालसिंग भाटिया कर रहे हैं. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते, हवलदार भाटिया, जागेश्वर उईके, दीपक रहांगडाले, सुदेश टेंभरे, सतीश शेंडे, प्रमोद चव्हाण, निशिकांत लोंदासे, महिला हवलदार रिना चव्हाण, सिपाही दिनेश बिसेन, सुभाष सोनवाने, अशोक रहांगडाले, मुकेश रावते, कुणाल बारेवार ने की.

## पाटिल ने शिंदे सरकार पर साधा निशाना, शिवस्वराज्य यात्रा का जोरदार स्वागत

# पैसे बांटने वाली सरकार को उखाड़ फेंको



**तिरोड़ा** -शिवाजी के शिवनेरी के जन्मस्थान से निकली शिवस्वराज्य यात्रा तिरोडा तहसील के ग्राम भावि पहुंचते हा यात्रा का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया. उसके बाद आगे बिरसी फाटा पर भी भारी जयघोष जल्लोष के साथ स्वागत कर यात्रा शहर की ओर आगे बाईक रैली पिछे जिपगाड़ी में नेतागण चल रहे थे. स्वयं रविकांत बोपचे मोटरसाइकिल चलाकर सतत हो रही वर्षा में भिगते हुए यात्रा में नेतृत्व करते हुए कार्यक्रम स्थल ड्रिम गार्डन सेलीब्रेशन हॉल में पहुंचे. छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर फुलमाला अर्पित कर दीपप्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि आपने सांसद बदला, इसलिए आप सभी का 100 प्रतिशत आभार. महाराष्ट्र की सत्ता बदलने की तैयारी से मुंबई व महाराष्ट्र पर केंद्र सरकार का भारी दबाव है. इवेंट करने में लगी है. यहां बदलाव निश्चित होगा. किसी भी योजना में जो पैसा दिया जाता है, वह सरकार के तिजोरी से दिया जाता है. हमारी सरकार आने पर हम बड़ी रकम देंगे. अदानी प्लांट में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाएंगे, अगर स्थानिकों को रोजगार नहीं दिला पा रहे तो प्लांट क्यों लाया गया. जागृति पतसंस्था में 7 हजार परिवारों का पैसा डुब गया. सरकार ने इन्हें न्याय क्यों नहीं दिया. शिक्षा, प्राथमिक सुविधा आदि अत्यंत जरूरी सुविधाओं पर विशेष प्रयास करेंगे. भ्रष्टाचार करना व पक्ष फोड़ना ईडी, सीबीआई के माध्यम से ब्लैकमेलिंग कर सरकार फोड़ने से जनता में रोष है. गुजरात व दिल्ली का निर्णय लेने वाली सरकार को बदलना है. शिवाजी महाराज की प्रतिमा में भी भ्रष्टाचार हुआ है. 2 माह का समय है. सरकार को बदलना ही है. प्रदेश युवक राकां अध्यक्ष महबूब शेख ने कहा कि 71 हजार करोड़ का भ्रष्टाचार करने वाले अजीत पवार, इकबाल मिरची से 2 मजले खरीदने वाले छगन भुजबल आदि बड़े-बड़े नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप भाजपा ने लगाए व ईडी के डर से यह सभी नेता भाजपा में गए. हमारे भी नेताओं पर आरोप लगाए. जेल में डाले. लेकिन साबित नहीं कर पाए व आज छाती ठोककर शरद पवार के साथ खड़े हैं. अनिल देशमुख, संजय राऊत आदि दमदार लोग, अजित दादा आप सगी बहन के नहीं हुए तो महाराष्ट्र की बहनों के क्या होंगे. महिला आरक्षण देने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य पंचायत राज में पंस, जिप, नप, ग्राम पंचायत के चुनाव में 33 प्रश. आरक्षण महिलाओं को, महिला मंडल की स्थापना आरक्षण देने वाला महाराष्ट्र राज्य पहले क्रमांक पर रहा, जो शरद पवार ने लागू करा था. 157 हजार करोड़ का वेदांता प्रकल्प नागपुर का एअर बस प्रकल्प प नागपुर नागपुर। इस तरह के 17 प्रकल्प गुजरात त में गए. ऐसे प्रकल्प गुजरात जाएंगे तब महाराष्ट्र में क्या बचेंगे. महंगाई बेरोजगारी पर रोक लगेगी, इस पर विचार करने की जरूरत है.

### नागपुर का प्रकल्प गुजरात भेजा : देशमुख

पूर्व मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि तिरोड़ा, अर्जुनी मोरगांव, तुमसर में अपनी पार्टी का उम्मीदवार देने का प्रयास करेंगे. आप ही खुद अपने नेता हो. पूर्व चुनाव में रविकांत का पराभव हुआ. फिर भी वह पक्ष के लिए कार्य करते रहे. 52 हजार मत लिया. अब डबल मत देना होगा, ऐसी तैयारी रखो. 1 लाख लोगों को रोजगार मिला होता, ऐसा वेदांता फॉक्सकॉन प्रकल्प नागपुर में लगना था. इसे गुजरात में भेजा गया. भाजपा फोडाफोडी का राजकारण कर रही है. धान उत्पादक किसानों को हमने प्रति क्विंटल 700 रु. बोनस दिया. मंच पर पूर्व विधायक रमेश बंग, दिनानाथ पडोले, दिलीप पनकुले, बजरंगसिंग परिहार, जानबा मस्के, मंजुला डोंगरवार, हेमराज अंबुले, राघवेंद्रसिंह बैस, घानीवाला आदि उपस्थित थे.

## पटना व सिकंदराबाद ट्रेन के परिचालन में विस्तार



**गोंदिया**-रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा एक समर स्पेशल ट्रेन क्र. 03253/03256 पटना-सिकंदराबाद-पटना के बीच चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 01 जनवरी 2025 तक विस्तार किया गया है. यह ट्रेन पटना से प्रत्येक सोमवार व बुधवार को ट्रेन क्र. 03253 पटना-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन 09 अक्टूबर 2024 तक चल रही पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 0 दिसम्बर 2024 तक विस्तार किया गया तथा हैदराबाद से प्रत्येक बुधवार को ट्रेन क्र. 07255 हैदराबाद-पटना पूजा स्पेशल ट्रेन 09 अक्टूबर 2024 तक चल रही पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 01 जनवरी 2025 तक विस्तार किया गया है. सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन क्र. 07256 सिकंदराबाद-पटना पूजा स्पेशल ट्रेन 11 अक्टूबर 2024 तक चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 27 दिसम्बर 2024 तक विस्तार किया गया है. इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 03 सामान्य, 12 स्लीपर, 04 एसी थी, 02 एसी-टू श्रेणी सहित कुल 23 कोच रहेंगे. यह ट्रेन पूरी तरह आरक्षित है व केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी.

## आखिरकार नप कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

### प्रशासन-प्रधान सचिव से सकारात्मक चर्चा, कर्मचारी काम में जुटे

**गोंदिया**-नगर परिषद-पंचायत में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए राज्य नगर परिषद संवर्ग अधिकारी संघ के माध्यम से नगर परिषद व नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी 29 अगस्त से हड़ताल पर चले गए थे. इसी बीच नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव से सकारात्मक वार्ता और उनके आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई है. इसके बाद सभी अधिकारी और कर्मचारी काम पर जुट गए हैं. बुनियादी समस्याओं पर कोई कार्रवाई नहीं होने से महाराष्ट्र सरकार के अधीन नगर परिषद, नगर पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी असंतोष था. जिससे नगर परिषद व नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे. इस बीच कर्मचारियों के बुनियादी अधिकारों और मांगों को लेकर मुंबई के आजाद मैदान में आक्रोश मोर्चा व आंदोलन किया गया. इस पर संज्ञान लेते हुए नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई और प्रधान सचिव ने सकारात्मक चर्चा के बाद मांगों पर कार्रवाई करने का वादा करते हुए प्रशासन को निर्देश दिए. साथ ही पिछले नौ दिनों से चल रही हड़ताल अवधि के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के अर्जित अवकाश को मंजूरी दे दी गई, जिसके चलते संगठन की ओर से आंदोलन वापस ले लिया गया है और सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं.

### यह है मांगें

संवर्ग कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी सेवार्थ नंबर देने,आश्वासित प्रगति योजना लागू करने, संवर्ग सेवा प्रवेश नियमों में संशोधन व मांग के अनुरूप उनमें सकारात्मक परिवर्तन करने, श्रेणी अ को राजपत्रित व श्रेणी ब को अराजपत्रित दर्जा देने, पदोन्नति प्रक्रिया को लागू करने, मुख्याधिकारी गट ब संवर्ग में अन्य विभागों की तरह 50 प्रश, संवगों को पदोन्नति देने, 25 प्रश. संवर्ग सेवा पदों के लिए स्थानीय कर्मचारियों के लिए अलग से परीक्षा आयोजित करने. सहायक अनुदान का समय पर भुगतान, भविष्य में अग्रिम भुगतान की अधिसूचना, संवर्ग स्थानांतरण के संबंध में नगर विकास विभाग के सरकारी निर्णय में दमनकारी शर्तों को बाहर करने आदि मांगे शामिल है.

## घाटकुरोडा में पोषण आहार सप्ताह कार्यक्रम



**तिरोड़ा**-घाटकुरोडा ग्राम में पोषण आहार सप्ताह आंगनवाड़ी केंद्र - क्र. 2 में आयोजित किया गया था. अध्यक्षता पंस सदस्य वनीता भांडारकर ने की. प्रमुख अतिथि के रूप में सरपंच प्रभा राऊत उपस्थित थी. वनीता भांडारकर ने पोषण आहार तथा सकस आहार सप्ताह में कैसे ले उसके बारे मागदर्शन किया. कार्यक्रम में सविता डोंगरवार, रेखा भेलावे, वुमन भेलावे के साथ ही महिला तथा नागरिक व शुन्य से तीन साल के छोटे बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

## देशी शराब की 45 बोतलें जब्त

**गोंदिया** -डुग्गीपार थाने के तहत ग्राम चिखली निवासी वंचला ब्राह्मणकर (60) के घर से देसी शराब की 45 बोतलें जब्त की गई. यह कार्रवाई महिला हवलदार निशा टेंभरे ने की. डुग्गीपार पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

## संदिग्ध को पुलिस ने पकड़ा

**गोंदिया** -शहर के सब्जी बाजार में शीतला माता मंदिर के समीप गली में छिपकर बैठे आंभोरा निवासी दिनेश चौधरी (37) को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया. यह कार्रवाई हवलदार दीपक रहांगडाले ने की. आरोपी के खिलाफ शहर थाने में मामला दर्ज किया गया.

# ओबीसी महासभा के महाराष्ट्र कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए इंजी राजीव ठकरेले



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले में लगातार विगत अनेक वर्षो से ओबीसी समाज को न्याय मिले ओबीसी समाज को उनके संविधानिक अधिकार मिले इसके लिए समय-समय पर आंदोलन और समाज के लिए लड़ते आ रहे गोंदिया जिले के युवा नेता इंजी राजीव ठकरेले को ओबीसी महासभा के द्वारा महाराष्ट्र कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पर की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके लिए इंजी राजीव ठकरेले ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है और विश्वास जताते हुए कहा कि मुझे दी गई जिम्मेदारी का मै कर्तव्यता से पालन करूँगा और सदैव ओबीसी समाज के हक़ अधिकार के लिए लड़ने तैयार रहूँगा ऐसा कहकर ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों को आश्वस्त किया है। ओबीसी महासभा का नाम देश के नेता राहुल गाँधी और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जुबान में यह नाम सदैव गूंजता है. यह संगठन ओबीसी समाज के लिए 10 वर्षो से चल रहा है। हाल ही में इंजी राजीव ठकरेले ने ओबीसी छात्रावास को लेकर भी अनेक निवेदन देकर ओबीसी समाज के छात्रों के लिए छात्रावास उपलब्ध किए जाए ऐसी मांग की थी. इसके पूर्व अनेक ओबीसी समाज की जनगणना, ओबीसी समाज को आरक्षण जैसे अनेक मांगे करते है साथ ही वह लोधी समाज के होने के वजह से लोधी समाज को केंद्र की सूचि में ओबीसी में शामिल किया जाए इसकी मांग को लेकर अनेक वर्षो से संघर्ष कर रहे है. ऐसे अनेक विषयों को गंभीरता से लेकर समाज के हित के लिए लड़ते रहते है।

# विधायक विनोद अग्रवाल गोंदिया ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का किया दौरा

**बुलंद गोंदिया।** पिछले दो दिनों से हो रही अतिवृष्टि के कारण गोंदिया के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ गोंदिया शहर में भी भारी नुकसान हुआ है। मकानों खेतों का नुकसान, और गांवों का संपर्क टूटने जैसी घटनाएं सामने आई हैं। शहर में भी यातायात पर भारी असर पड़ा। इस स्थिति की समीक्षा करने के लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने तुरंत एक नियोजन सभा बुलाई और अधिकारियों को जांच और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभा बैठक के बाद, विधायक विनोद अग्रवाल ने गोंदिया शहर सहित, विशेष रूप से तहसील के नदी किनारे बसे गांवों और अन्य गांवों का दौरा कर स्थिति का खुद जायजा लिया। जिन परिवारों के घरों में पानी घुसा था और जिनके मकान अतिवृष्टि के कारण ढह गए थे, उन सभी नागरिकों को उन्होंने तत्काल मदद का आश्वासन दिया। इस संबंध में उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों और स्थानीय पटवारी, कोतवाल से भी बैठक की और पीड़ित लोगों की व्यक्तिगत रूप से पूछताछ की।

## कोई भी नुकसानग्रस्त वंचित नहीं रहेगा

विधायक अग्रवाल ने स्पष्ट रूप से कहा, कोई भी नुकसानग्रस्त किसान या नागरिक मुआवजे से वंचित



नहीं रहेगा। इसके लिए स्थानीय पटवारियों को पूरे पंचनामे करने के आदेश दिए गए हैं। पंचनामा प्रक्रिया में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

## खावटी अनुदान और पंचनामे

विधायक ने जिनके घरों में पानी घुसा या जिनके मकान गिर गए हैं, उन पीड़ितों को तुरंत 10,000 रुपये का खावटी अनुदान देने के आदेश दिए। इसके अलावा, पूरी तरह और आंशिक रूप से नुकसान झेलने वाले लोगों की अलग-अलग सूचियां तैयार करने के निर्देश भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिए।

खेतों में हुए नुकसान के संदर्भ में, उन्होंने तुरंत पंचनामा कर मुआवजा देने की मांग की। जिन खेतों में पानी घुस गया, धान के फूल आने के समय पानी में डूबने से हुई फसल की क्षति, धान पर मिट्टी और गाद जमने से हुआ नुकसान, और धान के अलावा अन्य फसलों की क्षति - इन सभी स्थितियों में कृषि का पंचनामा कर पीड़ित किसानों की सूची तैयार करने और गांव में प्रकाशित करने के निर्देश दिए। उसके बाद गांव स्तर पर जांच के बाद सूची में शामिल नामों को मुआवजे के लिए भेजने के निर्देश भी दिए गए। विधायक के दौरे में गोंदिया शहर के सेल्स टैक्स कॉलोनी, सूर्याटोला, बांधतलाव क्षेत्र, रेलवे तलाव क्षेत्र, अंगूर बगीचा, टीबी टोली, अवंती चौक, विशेष रूप से नदी किनारे बसे गांवों और अन्य गांवों का समावेश था। इन गांवों में पीड़ित नागरिकों से मिलकर उन्होंने स्थानीय प्रशासन, पटवारी, कोतवाल, कृषि सहायक से चर्चा की और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अतिवृष्टि से उत्पन्न इस गंभीर स्थिति पर विधायक विनोद अग्रवाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाई है।

# गोंदिया जिला कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष पद पर नागरत्न बंसोड़ की नियुक्ति



**बुलंद गोंदिया।** सोशल मीडिया कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष विलास मुत्तेमवार ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के आदेश अनुसार गोंदिया जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंसोड़ की अनुशंसा पर ना गरत्न छत्रपति बंसोड़ को गोंदिया जिला कांग्रेस सोशल मीडियाअध्यक्ष पद पर नियुक्त किया।

जिनका नियुक्ति पत्र गोंदिया भंडारा के सांसद डॉक्टर प्रशांत पडोले द्वारा प्रदेश सचिव अमर वराडे, जिला उपाध्यक्ष अशोक गप्पू गुप्ता, गोंदिया शहराध्यक्ष ॲड योगेश अग्रवाल,युवक कांग्रेस के राजकुमार बागड़े,जितेंद्र कटरे,विधी व न्याय विभाग के ॲड टी. बी. कटरे, कृषी उत्पन्न बाजार समिती के उप सभापती पप्पू पटले,कृषि उत्पन्न बाजार समिति के संचालक राजीव ठकरेले, अरुण , नीलम हलमारे, योगी भेलावे की प्रमुख उपस्थिती मे नागरत्न बन्सोड को सौपा गया। बंसोड़ ने अपनी इस नियुक्ति पर सभी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार व्यक्त कर कार्य को पूर्ण निष्ठा से करने का वादा किया।

# एचआईवी पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन




**गोंदिया**-रेड रिबन क्लब (आरआरसी), यूथ रेड क्रॉस क्लब (वाईआरसी), धोटे बंधु विज्ञान महाविद्यालय, गोंदिया के माइक्रोबायोलॉजी और जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने महाराष्ट्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (एमएसएसीएस), महाराष्ट्र सरकार के तहत जिला एड्स रोकथाम और नियंत्रण इकाई (डीएपीसीयू), केटीएस जिला सामान्य अस्पताल, गोंदिया के साथ मिलकर एचआईवी/एड्स के बारे में जनजागृति करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला और विस्तार गतिविधि कार्यक्रम आयोजित हुआ. गोंदिया एजुकेशन सोसाइटी के राजेंद्र जैन और निखिल जैन, प्राचार्य डा. अंजन नायडू, उप-प्राचार्य डा. जयंत महाखोड़े, जिला पर्यवेक्षक संजय जेनेकर, प्रधानाध्यापक संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब और युवा रेड क्रॉस क्लब समन्वयक डा. संध्या तांबेकर वंजारी ने एचआईवी/एड्स अपने आत्म-प्रेम का स्तर बढ़ाएं- अपनी स्थिति जांचें प्रशिक्षण कार्यशाला और विस्तार गतिविधि का आयोजन किया. जेठाभाई माणिकलाल हाईस्कूल, सिविल लाइन के साथ स्कूल के छात्रों को शामिल करते हुए रेड रिबन क्लब और यूथ रेड क्रॉस क्लब के कुल 17 प्रशिक्षित सदस्य एचआईवी/एड्स के कारणों और रोकथाम के बारे में शिक्षार्थियों के ज्ञान में सुधार कर सकते हैं ताकि छात्र कॉलेज और स्कूल परिसर के अंदर और बाहर दोनों जगह सहकर्मी शिक्षक के रूप में कार्य कर सकें.

# तालाब में मिला व्यापारी का शव

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव 3 तहसील के ग्राम बाक्टी निवासी किराना व्यवसायी पुरुषोत्तम अग्रवाल (76) का शव गांव के तालाब में पाए जाने की घटना सामने आई. जानकारी अनुसार पुरुषोत्तम, पत्नी व बच्चों के साथ रहता था. ग्रामवासियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पुरुषोत्तम की मानसिक नेहालत ठीक नहीं थी. वह स्वयं अकेले बड़बडाते हुए गांव में घूम-घूमकर अपना समय व्यतीत करता था. शुक्रवार की रात कुछ बताए बिना घर से निकल गए. जिसके बाद गांव के एक व्यक्ति को तालाब में शव दिखाई देने से जांच की गई. अर्जुनी मोरगांव पुलिस को जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बाहर निकाला गया.



# जिले में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से 63 नागरिकों का रेस्क्यू 585 को किया स्थानांतरित वैनगंगा व बाघ नदी में बाढ़ की स्थिति

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले में 9 और 10 सितंबर को हुई मूसलाधार बारिश के चलते अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति निर्माण हो गई इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर बाढ़ में फंसे 63 नागरिकों का रेस्क्यू कर सही सलामत निकला गया वह 585 लोगों को स्थानांतरित किया गया । अतिवृष्टि के चलते जिले के सभी बांध ओवरफ्लो हो गए जिन्हें छोड़े जाने के चलते जिले की प्रमुख नदी वैनगंगा वह बाघ नदी उफान पर आने के साथ बाढ़ की स्थिति निर्माण हो गई है। गौरतलब है की 9 व10 सितंबर को जिले में हुई मूसलाधार बारिश से संपूर्ण जिले में अतिवृष्टि हुई जिस नदी नाले ऊफान पर आने के साथ ही विभिन्न स्थानों पर बाढ़ की स्थिति निर्माण हो गई वह इस बाढ़ के चलते अनेक नागरिक मवेशी बाढ़ की चपेट में आ गए जिन्हें जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अलग-अलग स्थान पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर 63 नागरिकों को सकुशल निकला व 585 नागरिकों को बाढ़ के संभावित क्षेत्रों से स्थानांतरित किया गया। जिसमें गोंदिया तहसील के अंतर्गत भीमघाट पांगोली नदी से आठ मजदूरों को रेस्क्यू किया गया जिसमें वसीम अंसारी, मुन्नालाल बावनथडे,दलवीर राठौर ,प्रमोद चौहान ,संपत शेन्डे, मोहम्मद शफी, मानिक लिल्हारे ,अरविंद भारती वह तेढवा वैनगंगा नदी से 21 नागरिकों को तथा महालगांव मुर्दाडा वैन गंगा







नदी परिसर से 2 नागरिकों को निकल गया तथा 109 नागरिकों को खमारी,तेढवा,संजय नगर, फुलचुर, गोविंदपुर, छोटा गोंदिया से स्थानांतरित किया गया। देवरी तहसील के अंतर्गत 12 नागरिकों को सिरपुर बांध ,पुराडा,ढिवरीनटोला से रेस्क्यू किया गया जिसमें गंगा सतनामी ,देश लहरी सतनामी, अनिल बागडे, गोपाल सिंह बैस का समावेश है।आमगांव तहसील के पिपरटोला सावंगी से 20, चिंचटोला 400 वह मोहन टोला से 40 लोगों को स्थानांतरित किया गया। तिरोडा तहसील के चिखली से आठ लोगों को रेस्क्यू किया गया जिसमें छबिलाल पटले, मदन येडे,लखनलाल पटले ,पूरनलाल रंगारी, चुन्नीलाल पटले ,विकास पटले ,कमलेश पटले ,विनोद पटले का समावेश है। सालेकसा तहसील के दर्रेकसा से 12 नागरिकों को रेस्क्यू करने के साथ ही तीरखेड़ी से नव नागरिकों को स्थानांतरित किया गया।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने तत्काल मदत करने शासन से की मांग



**बुलंद गोंदिया।** जिले मे दो दिनों से जारी सतत मूसलाधार बारिश से पूरे जिले में बाढ़ के हालात निर्माण हो गए है। नदी-नाले, जलाशय उफान पर है। बाढ़ कि वज़ह से मकानों, जानवरों के गोठे में पानी घुसने से क्षतिग्रस्त हों गई है एवं खेतों में फसलों का भारी नुकसान हुआ है। वैनगंगा - बाघ नदी में व अनेक नहर - नालों में बाढ़ आने से गोंदिया तहसील के अनेक गावों में पुर परिस्थिति निर्माण हुई हैं। पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने बुधवार को बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर परिस्थिति का जायजा लिया। तहसिल के ग्राम बनाथर, धामणगांव, बिरसोला, काटी, डांगोरली व आसपास के क्षेत्र में पहुँचकर वर्तमान हालातों का जायजा व बाढ़ से पीड़ित ग्रामीणों व किसानों की समस्याए सुनी । सांसद प्रफुल पटेल व आपदा पुनर्वास मंत्री अनिल पाटील से संपर्क कर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने पुर परिस्थिती से हुए नुकसान की जानकारी देकर बाढ ग्रस्त परिवारों को व किसानों को प्रशासन से हरसंभव मदत की मांग की । साथ ही जिले के पालकमंत्री धर्मरावबाबा आत्राम को बाढ परिस्थिति से अवगत कराया, पुलिस अधिक्षक भामरे व गोंदिया ग्रामीण के तहसीलदार पठाण से फोन पर संपर्क कर बाढ़ पिड़ित क्षेत्र के परिवारों को हरसंभव सहायता मिलने हेतू शीघ्र ही पंचनामे करने संबधी चर्चा की, साथ ही जैन ने तत्काल मदत करने की, शासन से मांग की है ।बाढ़ के हालातों का जायजा लेने के दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के साथ केतन तुरकर, माणिक पडवार, रमेश महंत, सुनील पटले, सुकलाल बाहे, शैलेश बीजेवार, इंदल चौहान, डालीराम बाहे, प्रल्हाद महंत, रौनक ठाकुर, प्रवेश अवस्ति, सचिन ठाकुर, रामनाथ बारापात्रे, विठ्ठल पारधी, चमरू बोपचे, नाज़िम ख़ान, संजय तुरकर, विशाल बागड़े, कालु चौहान, धर्मेंद्र परिमल, अलोक असाटी, राजू तुरकर, मक़सूद क़ुरैशी, सफ़ी मामू ,अजय जमरे व ग्रामीण व बाढ़ पीड़ित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# मेडिकल संविदा कर्मचारी चार माह से वेतन से वंचित ठेकेदार कंपनी का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ अन्याय




**गोंदिया**-स्थानीय शासकीय मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत बाई गंगाबाई महिला अस्पताल और कुवर तिलकसिंह जिला सामान्य अस्पताल में संविदा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कंपनी एनजीसी मैन पावर एजेंसी इंडिया के माध्यम से काम कर रहे हैं. लेकिन चार माह बाद भी इन संविदा कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है. जिससे उनके परिवारों को कठिनाईयों का सामना क करना पड़ रहा है. संविदा कर्मचारी अक्सर इसकी शिकायत कंपनी से करते थे. लेकिन , कंपनी कर्मचारियों को बर्खास्तगी की न धमकी देने लगी. कर्मचारियों का आरोप है कि वे धमकी दे रहे हैं कि पहले इस्तीफा दो, फिर वेतन देंगे. केटीएस और गंगाबाई अस्पताल में करीब 500 संविदा कर्मचारी न अपनी सेवाएं दे रहे हैं. परिवार की जरूरतों , को कैसे पूरा किया जाए, बच्चों को कैसे न पढ़ाया जाए, बीमारी की स्थिति में स्वास्थ्य खर्च कैसे उठाया जाए जैसे कई सवाल कर्मचारियों को परेशान कर रहे हैं. यद्यपि अंशकालिक नियुक्ति के बावजूद वे पूर्णकालिक कार्यरत हैं. लेकिन उनका वेतन नियमित नहीं किया गया है. इसका खामियाजा कर्मचारियों व उनके परिवारों को भुगतना पड़ रहा है. क्योंकि संबंधित विभाग प्रभाग के के वरिष्ठ अधिकारी भी इसकी अनदेखी कर रहे हैं, इसलिए इन कर्मचारियों को चार माह से बिना वेतन के काम करना पड़ रहा है.

# नई फसल लाने वाले किसान का सत्कार

**तिरोड़ा**-स्थानीय कृषि उत्पन्न बाजार समिति में नये कृषि उपज माल की आवक शुरू हो चुकी है. ग्राम भजेपार निवासी धर्मलाल नत्थू बोपचे द्वारा पहली बार अपना कृषि उपज धान स्थानीयय मंडी में बिक्री के लिए लाने पर उसका पुरजोर ढंग से स्वागत किया गया. जानकारी के अनुसार ग्राम भजेपार निवासी धर्मलाल बोपचे ने नई फसल सुंदर नामक धान तिरोड़ा मंडी में बिक्री के लिए लाने पर बाजार समिति की ओर से सभापति जितेंद्र रहांगडाले के हस्ते छीडकाव पंप भेंट देकर सत्कार किया गया. इसी कड़ी में आडतिया तेजराम टेंभरे द्वारा उक्त कृषि माल को बिक्री करने के लिए उपसभापति भुमेश्वर रहांगडाले व अ वर्ग व्यापारी साठवने ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर संदेश साठवने द्वारा सर्वोच्च भाव में खरीदने पर उनका संचालक घनश्याम पारधी द्वारा शाल, श्रीफल देकर स्वागत सत्कार किया गया. उल्लेखनीय है कि मार्केट यार्ड में उक्त कृषि माल सुंदर नामक धान को 3011 रु. प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी-बिक्री किया गया. इस अवसर पर बाजार समिति के संचालक जयप्रकाश गौतम, शरद अग्रवाल, मिलिंद कुंभरे, ललिता नागरिकर, सभी कर्मचारी, आडतिया, व्यापारी, हमाल आदि उपस्थित थे.



# गोंदिया विधानसभा का विकास यही हमारी प्राथमिकता- पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल

## भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से दिया त्यागपत्र, 13 सितम्बर को हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस में घर वापसी




**बुलंद गोंदिया।** पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा भाजपा की दोहरी नीति व चरित्र से व्यथित होकर 8 सितंबर को प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने के पश्चात आयोजित पहली पत्रकार परिषद में जानकारी देते हुए कहा कि, गोंदिया विधानसभा छेत्र के विकास कार्य यह हमारी पहली प्राथमिकता है।

इसी विकास के लालच में वर्ष 2019 में भाजपा में शामिल होकर भाजपा नेताओं के साथ कमल खिलाने का प्रयास किया था लेकिन स्थानीय नेतृत्व ने बागी उम्मीदवार का साथ देकर पहली बार गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलने से रोका । भाजपा नेताओं के दोहरे चरित्र से व्यथित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की प्रमुख उपस्थिति में कहा कि वे 13 सितंबर को हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस में घर वापसी करेंगे।

आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने यह विश्वास दिलाया था कि गोंदिया विधानसभा क्षेत्र का विकास करेंगे वह गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में गोंदिया में कमल खिलाकर क्षेत्र का विकास करेंगे लेकिन भाजपा के स्थानीय नेतृत्व के नेताओं द्वारा निर्दलीय रूप बागी को खड़ा कर गोंदिया में कमल को खिलने से रोका तथा में चुनाव हार गया लेकिन इसके बावजूद 5 वर्षों में भाजपा को मजबूत करने का निरंतर कार्य किया। इन 5 वर्षों के दौरान आने वाले सभी स्थानीय निकायों के चुनाव में कड़ी मेहनत कर भाजपा के उम्मीदवारों को वह भाजपा को जीत दिलवाई किंतु राज्य में महायुति की सरकार सत्ता में आने पर भाजपा के नेताओ ने बागी को पोषित करने का कार्य किया भाजपा नेताओं के इस दोहरे चरित्र के कारण ही उन्हें आज यह कदम उठाना पड़ा।

देश में आज कांग्रेस राहुल गांधी , राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय विचारधारा पर कार्य कर रही है वहीं प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के नेतृत्व में राज्य में बदलाव की लहर देखी जा रही है जिसका प्रमाण लोकसभा चुनाव में देखने को आया तथा आज मुझे खुशी हो रही है कि मैं अपने घर में वापस लौट रहा हूं अगर सुबह का भूला शाम को घर लौटे तो उसे भूला नहीं कहते हैं, मैं कांग्रेस पक्ष में प्रवेश नहीं वरन अपने घर वापस लौट रहा हूं।



गोंदिया के विकास के लालच में गया था भाजपा में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि वह गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विकास के लालच में 30 सितंबर 2019 को नागपुर के सेंट्रल होटल में भाजपा में प्रवेश किया था तथा विधानसभा चुनाव भी लड़ा लेकिन स्थानीय नेतृत्व की गद्दारी के चलते चुनाव हारना पड़ा वह विधानसभा क्षेत्र में कमल नहीं खिल सका तथा भाजपा के स्थानीय नेतृत्व ने ही विधानसभा क्षेत्र के विकास को बाधित किया लेकिन अब क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करना है।

### विकास के कार्यों को करना है पूर्ण

गोपाल दास अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में ऐसे बहुत से कार्य है जिन्हें अब तक पूर्ण नहीं किया गया वर्तमान के 5 वर्ष के कार्यकाल में वह सभी कार्य ठप हो गए , जिसमें मुख्य रूप से डांगोरली बैराज , नर्सिंग कॉलेज, पश्चिमी बाईपास, जय स्तंभ चौक पर बचत भवन, तहसील की सिंचाई व्यवस्था पिंडकेपार प्रकल्प आदि विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान करना है तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओ के दिशा निर्देश अनुसार गोंदिया विधानसभा कांग्रेस की सीट है और इस पर कांग्रेस ही लड़ेंगी और जीत हासिल करेंगे।

हजारों समर्थकों के साथ13 सितंबर को घर वापसी 13 सितंबर को शहर के सर्कस मैदान में पूर्व विधायक गोपाल दास अग्रवाल अपने हजारों समर्थकों के साथ घर वापसी करेंगे इस दौरान प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी रमेश चेन्नितला, प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के साथ राज्य के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे तथा उनके घर वापसी होगी।

वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी की रही उपस्थित पूर्व विधायक गोपाल दास अग्रवाल की आयोजित पत्र परिषद में कांग्रेस की वरिष्ठ पदाधिकारी जिला अध्यक्ष ,विधायक के साथ-साथ वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे इस अवसर पर सभी ने पूर्व विधायक गोपाल दास अग्रवाल की घर वापसी की घोषणा पर पुष्पक गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

# मनोहर म्युनिसिपल हाईस्कूल 1980 बैच के छात्रों ने 44 वर्ष बाद अपने गुरुजनों का शिक्षक दिवस पर सत्कार कर लिया आशीर्वाद स्कूली दिनों की यादें की ताजा






**बुलंद गोंदिया।** जीवन में स्कूल जीवन काफी यादगार होता है जीवन में चाहे कितना भी सफल हो ,उम्र कितनी भी हो जाए किन्तु स्कूल जीवन का वह सुनहरा समय अपने जीवन के अंतिम छन तक भुलाया नहीं जा सकता। सफलता व उम्र के एक पड़ाव पर पहुंचने के पश्चात जब जब स्कूली जीवन के मित्र एक साथ मिलते हैं तो जीवन का एक नया समा निर्माण हो जाता है। 44 वर्ष बाद मनोहर म्युनिसिपल स्कूल कि वर्ष 1980 दसवीं बैच के छात्रों द्वाराइस वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर एक साथ जमा होकर अपने गुरुजनों का शाल व श्रीफल देकर सत्कार कर उनका आशीर्वाद फिर से प्राप्त किया तथा शिक्षक व पुराने छात्र एक साथ जमा होकर अपने स्कूली जीवन व बचपन को दोनों को फिर से ताजा किया तथा वही बचपन की मुस्कान उनके चेहरों पर फिर से खिल उठी।

विशेष उल्लेखनीय है कि 44 वर्ष पूर्व के दसवीं के विद्यार्थियों ने मित्र मंडल की स्थापना कर स्थानीय अंबे क्लीनिक के हॉल में रविवार 8 सितंबर को दोपहर 4ः00 बजे एक समारोह में उनके शिक्षक सर्वश्री गणेश इसरका, राजेंद्र सिंह चौहान, जगदीश बक्शी, देवलाल चौहान, प्रकाश चंद्र शर्मा, ओम प्रकाश अग्रवाल, अरविंद शाह, भूपेंद्र सोनवाने का शाल श्रीफल और मोमेंटो देकर सत्कार किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती व डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र की पुजा व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की प्रस्तावना संयोजक नरेश गुप्ता ने प्रस्तुत की।

संचालन वासुदेव रामटेककर व स्वागत पर भाषण महेंद्र बड़े ने प्रस्तुत किया। दिनेश अग्रवाल को उनकी काव्य रचना के लिए सराहा गया। भाव विभोर शिक्षकों ने म्युनिसिपल हायस्कूल के 44 वर्ष पुराने संस्मरण सुनाए। अपने आप में यह प्रथमतः आयोजित अनूठे आयोजन पर शिक्षको ने खुशी जाहिर की व भविष्य में सफलता की शुभकामनाएं देकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विजय सोनी, अनिल कटरे, राजेश कोठारी, इंद्रपालसिंग रेनू, हरीश कटरे, बलराम टांडी, गुरुदीप ओहरी, हरीश शिवहरे, प्रदीप रंहांगडाले, शिव अग्रवाल, नोखेंद्र बिसेन, राज ठाकुर, लवली होरा, संजय खंडेलवाल, मदन चुटे , मुन्ना तिवारी, अशोक गुप्ता, संतोष गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। विशेष रूप से उपस्थित मनोहर म्युनिसिपल हाई स्कूल के वर्तमान प्रधानाध्यापक श्री भुवन बिसेन सर का भी सत्कार किया गया द्य समारोह मे दिवंगत शिक्षको तथा विद्यार्थीयो को मौन श्रद्धांजली दी गई द्य आगामी माह मे वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम लेने की जानकारी दि गई द्य

अंत मे आभार प्रदर्शन अवधेश दुबे द्वारा किया गया, तत्पर्श्चात अल्पोहार के बाद इस अपनी अमिट छाप छोडने वाले शिक्षक विद्यार्थी मिलन समारोह का कार्यक्रम सोत्साह संपन्न हुआ ।

## अंधेरे में छिपकर बैठा युवक अरेस्ट



**गोंदिया** -शहर थाने के तहत रात के अंधेरे में अपराध करने के उद्देश से छिपकर बैठे नाना चौक कुंभारेनगर निवासी आरोपी सन्नी हिसोब को हवलदार भेलावे (30) कवलपालसिंग भाटिया ने पकड़ा. फिर्यादी भाटिया की शिकायत पर शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार प्रमोद चव्हाण कर रहे हैं.

# गौरव और सम्मान की तीर्थयात्राः आरपीएफ महानिदेशक ने हॉट स्प्रिंग्स, लद्दाख में पुलिस शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**बुलंद गोंदिया।** 3 सितंबर 2024 की सुबह, रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में विभिन्न राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले पुलिस अधिकारियों का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में एकत्र हुआ। एन. प्रकाश रेड्डी, डीआइजी, तेलंगाना पुलिस समूह के उपनेता थे। दीपक कुमार शर्मा, ने पुलिस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रतिनिधित्व किया, जिन्होंने स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एकजुटता दिखाने के लिए आईटीबीपी, आईटीबीएफ और भारतीय सेना के वीर अधिकारी और जवान जो अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच ्रष्ट पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, वे भी शहीदों को सलामी देने के लिए पुलिस दल में शामिल हुए।

पुलिस प्रतिनिधिमंडल को 86 वर्षीय वयोवृद्ध और जीवित किंवदंती और गश्ती दल के सदस्य श्री सोनम दोरजे से मिलने का सम्मान मिला, जो 21 अक्टूबर 1959 के दौरान चीनी सैनिकों के खिलाफ बहादुरी से खड़े थे जहां उन्हें पकड़ लिया गया था। उनका लचीलापन और साहस इतिहास का एक प्रेरक अध्याय बना हुआ है।

समुद्र तल से 15,400 फीट की ऊंचाई पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (्रष्ट) के पास ऊबड़-खाबड़ और दुर्गम इलाके में स्थित, यह स्थल उन दस सीआरपीएफ जवानों के ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण बलिदान का प्रमाण है, जिन्होंने रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। 21 अक्टूबर, 1959 को राष्ट्र पूर्वी लद्दाख के बीहड़ और उजाड़ इलाके में स्थित यह स्मारक भारतीय पुलिस बलों के लिए एक पवित्र स्थल रहा है, जहाँ इन बहादुर अधिकारियों की याद में हर साल श्रद्धांजलि दी जाती है। यह समारोह, जो 1960 में स्मरण के संकेत के रूप में शुरू हुआ था देश भर में सेवारत और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के लिए एक अत्यधिक सम्मानित परंपरा बनी हुई है। इस वर्ष की तीर्थयात्रा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है, क्योंकि मनोज यादव प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रेलवे सुरक्षा बल के पहले महानिदेशक बने। विभिन्न बलों के पुलिस अधिकारियों की एक टीम के साथ उनकी भागीदारी, भारत में विभिन्न पुलिस बलों के बीच साझा की गई एकता, ताकत और सौहार्द को मजबूत करती है। 1958 में बल की स्थापना के बाद से ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले रेलवे सुरक्षा बल के 1011 बहादुर कर्मियों को यह तीर्थयात्रा समर्पित करते हुए, आरपीएफ महानिदेशक ने बहादुरों द्वारा अनुकरणीय कर्तव्य, वीरता और बलिदान की भावना के प्रति आरपीएफ की प्रतिबद्धता दोहराई। 1959 के दिल, जिनकी यादें पुलिस इतिहास के इतिहास में हमेशा के लिए अंकित रहेंगी।

मनोज यादव की यात्रा और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उनकी भागीदारी कानून प्रवर्तन समुदाय के सभी सदस्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह राष्ट्र की सेवा में पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए बलिदानों की एक मार्मिक याद दिलाता है और कर्तव्य, वीरता और प्रतिबद्धता की स्थायी भावना को मजबूत करता है जो भारतीय पुलिस बिरादरी को परिभाषित करता है।

# कृष्ण अवतारी श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव भादवा दूज पर निकाली भव्य पचरंग ध्वज यात्रा, जय बाबारी के जय घोष से गूंज उठा शहर बढ़-चढ़कर हजारों श्रद्धालु हुए शामिल बाबा के भजनों की बाल कलाकार हार्दिक व्यास की शानदार प्रस्तुति झूम उठे भक्त





**बुलंद गोंदिया।** भगवान श्री कृष्ण के अवतारी श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव भादवा सुदी दूज को मनाया जाता है जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर पर बुधवार 04 सितंबर को बाबा की भव्य ध्वज यात्रा निकाली गयी जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तगण शामिल हुए इस दौरान भारी बारिश के बावजूद बाबा के भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ तथा वह बढ़-चढ़कर जय बाबारी के जय घोष लगाते हुए आगे बढ़े जिससे संपूर्ण शहर जय बाबा के जय घोष से गूंज उठा। राणी सती मंदिर में ध्वज यात्रा के बाद बाबा के भजनों की बाल कलाकार हार्दिक व्यास ने शानदार प्रस्तुति दी जिस पर उपस्थित सभी भक्त झूम उठे।

कृष्ण अवतारी बाबा रामदेव का जन्मोत्सव भादवा सुदी दूज को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। बाबा के जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर पर गोंदिया के रामदेव भक्त संगम परिवार द्वारा रामदेव दरबार पाल चौक के बापजी महेशजी बंग के आशीर्वाद से तृतीय वर्ष भव्य ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें गोंदिया शहर के साथ जिले से व नागपुर बालाघाट राजनांदगॉव व अन्य स्थाने के हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ध्वज यात्रा का शुभारंभ दोपहर 4-00 बजे अग्रसेन भवन में बाबा रामदेव का पूजन कर किया गया व अग्रसेन भवन से सब्जी मंडी होते हुए गोंदिया के प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर, चना लाइन ,चांदनी चौक, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा,प्रभात टाकीज ,गुरुनानक गेट, मोदी पेट्रोल पंप से होते हुए गणेश नगर स्थित श्री रानी सती मंदिर पहुंची। यात्रा के श्री रानी सती मंदिर पहुंचने पर ध्वज का पूजा अर्चना कर बाबा की आरती की गई इसके पश्चात राजनांदगॉव पधारे बाबा के भजन व जम्मा गायक बाल कलाकार हार्दिक व्यास द्वारा अपनी सुमधुर वाणी में बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जिससे इस अवसर पर रानी सती मंदिर मैं उपस्थित सभी भक्तगण झूम उठे वह जय बाबा के जयकारे लगने लगे।

### उमस भरी गर्मी में भी भक्तों का उत्साह नहीं हुआ कम

ध्वज यात्रा के शुभारंभ होने के पश्चात तेज गर्मी व उमस होने के बावजूद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे वह पुरुष शामिल थे गर्मी व उमस में भी बाबा के जयकारे वह जय घोष करते हुए शोभायात्रा निरंतर अपने पथ पर चलती रही।

### ध्वज यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत

श्री रामदेव बाबा के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य ध्वज यात्रा का मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा ध्वज यात्रा का स्वागत कर बाबा की पूजा अर्चना कर ध्वज यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए पेयजल , शरबत मिठाई आदि की आदि की व्यवस्था की।

## मकान से नकद 10,000 रु. चोरी

**गोंदिया** -आमगांव थाने के तहत कुणबीटोला निवासी फिर्यादी अक्षय देवचंद आंबेडारे (29) के घर के पीछे के दरवाजे से अज्ञात व्यक्ति ने प्रवेश कर रूम में रखी टीन की पेटी से 10 हजार रु. चुरा लिए. फिर्यादी की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक नरेश शहारे कर रहे हैं.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।